

# कैंसर से संघर्षरत, जीवित बचे लोगों और देखभालकर्ताओं के लिए सहायता

*Help for People Facing Cancer, Survivors, and Caregivers - Hindi*

कैंसर के इलाज के दौरान और उसके बाद आपकी मदद के लिए अमेरिकन कैंसर सोसायटी आपके समुदाय को ऑनलाइन सहायता प्रदान करती है। हम जो संसाधन उपलब्ध कराते हैं उनमें से कुछ की जानकारी नीचे दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए **cancer.org** पर जाएँ या हमसे **1-800-227-2345** पर बात करें।

## 24/7 कैंसर हेल्पलाइन

जब आप कैंसर से जूझ रहे होते हैं तो अमेरिकन कैंसर सोसायटी की कैंसर हेल्पलाइन आपको 24/7 सहायता प्रदान करती है, प्रशिक्षित कैंसर सूचना विशेषज्ञों से आपका संपर्क कराती है, जो आपके निदान के बारे में सवालों के जवाब दे सकते हैं और धैर्यपूर्वक आपकी बातें सुनकर मार्गदर्शन दे सकते हैं। हम अमेरिकन कैंसर सोसायटी के कार्यक्रमों और सेवाओं से आपको जोड़ेंगे और आपको अन्य राष्ट्रीय संसाधनों की जानकारी देंगे। हमारे साथ लाइव चैट करने के लिए **1-800-227-2345** पर हमसे बात करें या **cancer.org** पर जाएँ। हम एक अनुवाद सेवा के माध्यम से अंग्रेजी, स्पेनिश और 200 से अधिक अन्य भाषाओं में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

## एक व्यक्तिगत सहायता प्रणाली

अगर आपको या आपके किसी प्रियजन को कैंसर होने का पता चला है, तो आगे क्या करना है इसका फैसला करना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी ACS CARES™ (संसाधन, शिक्षा और सहायता तक सामुदायिक पहुँच) के माध्यम से मदद कर सकती है, जो लोगों को गुणवत्तापूर्ण सही जानकारी उपलब्ध कराने और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने वाला एक नया रोगी नेविगेशन सहायता प्रोग्राम है। अधिक जानने के लिए, गूगल प्ले या ऐप स्टोर से **ACS CARES™** ऐप डाउनलोड करें।

## कैंसर के बारे में शैक्षिक सामग्री

हमारी सामग्री से आपको और आपके प्रियजनों को अपने निदान, इलाज और संभावित दुष्प्रभावों को समझने में मदद मिल सकती है, और हमारे कार्यक्रमों और सेवाओं की विस्तृत जानकारी मिल सकती है। सामग्री प्राप्त करने के लिए **1-800-227-2345** पर बात करें या हमारे कर्मचारी के साथ लाइव चैट करने के लिए **cancer.org** पर जाएँ।

## इलाज के लिए यात्रा

हमारा रोड टू रिकवरी® कार्यक्रम कैंसर से संबंधित चिकित्सा परामर्श के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराकर आपकी परेशानी को कम करता है। प्रशिक्षित स्वयंसेवी चालक आपको लेने आएँगे, आपके परामर्श स्थल तक ले जाएंगे, और उपचार के बाद आपको घर वापस पहुँचाएँगे - बिना किसी शुल्क के। अधिक जानने के लिए **cancer.org/transportation** पर जाएँ।

## उपचार के दौरान ठहरने के स्थान

हमारे Hope Lodge® समुदाय कैंसर से लड़ रहे लोगों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए तैनात हैं, जब कैंसर के इलाज के लिए उन्हें घर से दूर जाना पड़ता है। ये समुदाय निजी स्नानघर सहित आरामदेह अतिथि निवास प्रदान करते हैं, जिनमें घर की सभी सुख-सुविधाओं के अलावा आगंतुकों के लिए भी जगह होती है – और मेहमानों के लिए यह सब निःशुल्क होता है। अपने उपचार स्थल के पास होप लॉज समुदाय ढूँढ़ने के लिए, अपने डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता, या रोगी नेविगेटर से संपर्क करें, या **cancer.org/hopelodge** पर जाएँ।

## ऑनलाइन सहकर्मी सहायता प्राप्त करें

कैंसर सर्वाइवर्स नेटवर्क® (CSN) कैंसर से लड़ रहे लोगों, जीवित बचे लोगों और देखभालकर्ताओं के लिए एक ऑनलाइन समुदाय है। सीएसएन उन सदस्यों के लिए 24/7 उपलब्ध है जो एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हैं और कैंसर तथा इसके इलाज के दुष्प्रभावों से बचने के लिए व्यावहारिक सुझाव देते हैं। अधिक जानने या इस समुदाय का सदस्य बनने के लिए **csn.cancer.org** पर जाएँ।

अमेरिकन कैंसर सोसायटी®

## स्तन कैंसर का सामना करते समय आप अकेले नहीं होंगे

रीच टू रिकवरी® वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से, स्तन कैंसर का सामना कर रहे लोगों को एक प्रशिक्षित स्वयंसेवक से मिलाया जा सकता है जिसे समान प्रकार के स्तन कैंसर, चरण और उपचार का अनुभव प्राप्त हो। अपने सुविधाजनक समय पर ऑनलाइन चैट या फ़ोन कॉल के माध्यम से अपने स्वयंसेवी साथी के साथ जुड़कर सीधे बात करें। **reach.cancer.org** पर जाएँ या गूगल प्ले अथवा ऐप स्टोर पर **ACS Reach** ऐप डाउनलोड करें।.

## हर दिन अपने लुक से प्यार करें

हर किसी की कैंसर यात्रा अलग-अलग होती है, लेकिन कैंसर से प्रभावित हर व्यक्ति को अपने लुक के बारे में अच्छा महसूस करने का हक है। इसीलिए "टीएलसी" टेंडर लविंग केयर® प्रोग्राम विग, टोपी और मास्टेक्टॉमी ब्रा जैसी मुश्किल से मिलने वाली वस्तुओं को अपने घर पर मँगाना आसान बनाता है। अधिक जानने और उत्पादों को मँगाने के लिए, **tlcdirect.org** पर जाएँ, या **1-800-850-9445** पर कॉल करें।

## अमेरिकन कैंसर सोसायटी की किताबें

हम ऐसी पुस्तकें प्रकाशित करते हैं जो रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को कैंसर के निदान और उपचार में सहायक होती हैं। इनमें रोगी शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता और देखभाल से लेकर स्वस्थ जीवन तक के मुद्दों की जानकारी उपलब्ध है। अधिक जानने के लिए **cancer.org/bookstore** पर जाएँ; हमारी पुस्तकें प्रमुख पुस्तक खुदरा विक्रेताओं के पास भी मिल सकती हैं।

## उत्तरजीविता दिशानिर्देश और अतिरिक्त संसाधन

हमारे पास कैंसर के इलाज के दौरान और उसके बाद जीवित बचे लोगों के जीवन की गुणवत्ता बहाल करने और अन्य जरूरतों में मदद करने के लिए सामग्री और संसाधन मौजूद हैं। विशिष्ट प्रकार के कैंसरों के लिए हमारे कैंसर उत्तरजीविता दिशानिर्देश जीवित बचे लोगों की विशिष्ट आवश्यकताओं का प्रबंधन करने में डॉक्टरों की मदद करते हैं और हमारे पोषण तथा शारीरिक गतिविधि दिशानिर्देशों से जीवित बचे लोगों को यह जानने में मदद मिलती है कि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन कैसे जीना है और कैंसर के वापस आने के खतरे को कैसे कम करना है। अधिक जानकारी के लिए **cancer.org/survivors** पर जाएँ।

## देखभालकर्ता सहायता संसाधन

कैंसर से पीड़ित प्रियजनों की देखभाल करने वाले परिवार के सदस्यों और मित्रों की मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता के उदाहरण के तौर पर, अमेरिकन कैंसर सोसाइटी ने केयरगिवर रिसोर्स गाइड (**cancer.org/caregiverguide**) विकसित किया है। देखभाल की प्रक्रिया और कैंसर के निदान और उसके उपचार की संभावनाओं के बारे में जानकारी के साथ-साथ यह उपकरण देखभालकर्ताओं की स्वयं अपनी देखभाल करने, संवाद बनाए रखने, परिस्थितियों का मुकाबला करने और देखभालकर्ता संसाधनों पर ध्यान केंद्रित करता है। हमारी देखभालकर्ता सहायता वीडियो श्रृंखला (**cancer.org/caregivervideos**) एक अन्य सहायक संसाधन है, जो देखभाल करने वालों को शैक्षिक सहायता प्रदान करता है और दैनिक जरूरतों में अपने प्रियजनों की सहायता करने वाले देखभालकर्ताओं को अपने खुद के जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्व-देखभाल तकनीक प्रदान करता है।

## क्लिनिकल परीक्षण

यदि आप क्लिनिकल परीक्षणों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं जो आपके लिए ठीक हो सकता है, तो अपने डॉक्टर से पूछें कि क्या आपका क्लिनिक या अस्पताल क्लिनिकल परीक्षण करता है, अथवा 1-800-227-2345 पर हमसे संपर्क करें और हमारे परवाह करने वाले प्रशिक्षित कर्मचारियों में से एक से बात करें। अधिक जानकारी के लिए आप **cancer.org/clinicaltrials** पर भी जा सकते हैं।

## cancer.org

हमारी वेबसाइट कैंसर की नवीनतम और सटीक जानकारी उपलब्ध कराती है और अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों और सेवाओं को ढूँढने में आपकी मदद करती है। नोट के कुछ पन्ने इस प्रकार हैं:

**cancer.org/survivors** – सहायता एवं उपचार से जुड़े विषयों के साथ-साथ उपचार और उत्तरजीविता उपकरणों का केंद्र

**cancer.org/treatmentvideos** – यहाँ कैंसर से संबंधित विषयों पर शैक्षिक वीडियो हैं, जिनमें कैंसर की मूल बातें, कैंसर उपचार, नैदानिक परीक्षण, अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के कार्यक्रम और सेवाएँ, उत्तरजीविता के प्रभाव, व्यक्तिगत कहानियाँ, और भी बहुत कुछ शामिल हैं।

**cancer.org/managingcare** – आपके निदान को समझने और उपचार के बारे में निर्णय लेने में मदद करने के लिए उपकरण और संसाधन

**cancer.org/support** – अमेरिकन कैंसर सोसायटी और आपके क्षेत्र के अन्य कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी

**cancer.org/languages** – अंग्रेजी के अलावा दूसरी भाषाएँ बोलने वालों को अन्य भाषाओं में कैंसर की जानकारी उपलब्ध कराता है

**cancer.org/phm** – आपके कैंसर अनुभव को व्यवस्थित करने और उसका लेखा-जोखा रखने में मदद करने के लिए सूचनाएँ और ट्रैकिंग वर्कशीट

**cancer.org/hopelodge** – अपने आसपास एक होप लॉज समुदाय ढूँढें

बस **cancer.org** पर जाएँ और "लाइव चैट" पर क्लिक करके हमारे परवाह करने वाले, प्रशिक्षित कर्मचारियों के साथ लाइव चैट करें।



HINDI
©2023, American Cancer Society, Inc. No. 0130.81 Rev. 9/23